संख्या-414/2018/74/22-2-2018-17(77)/2018

प्रेषक,

सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2 ***लखनऊ: दिनांक 11 मई, 2018***

विषय:- जिला कारागार, एटा में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी गजराज सिंह पुत्र श्री हेतराम सिंह, निवासी जनपद-एटा की दयायाचिका के आधार पर समयपूर्व रिहाई के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-927/प्रोबे0-5-दयायाचिका/710 दिनांक 08.01.2018 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- आपके उक्त पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार जिला कारागार, एटा में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी गजराज सिंह पुत्र श्री हेतराम सिंह, जो- नगला सुभान, थाना-अलीगंज, जनपद-एटा का रहने वाला है। बन्दी द्वारा मुकदमें की रंजिश में अपहरण कर दिनांक 16.11.1980 को 06 अन्य सहअभियुक्तों के साथ मिलकर गला घोंटकर 01 व्यक्ति की हत्या कर अपराध कारित किया गया है। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-0281/1981 में भा0द0वि0 की धारा-364, 395, 147, 148, 302/149, 201 के अन्तर्गत मा0 विशेष न्यायाधीश/अपर सत्र न्यायाधीश (द0प्र0क्षे0)(कोर्ट सं0-5), एटा के आदेश दिनांक 24.01.2011 द्वारा आजीवन कारावास के दण्ड से दण्डित किया गया। बन्दी द्वारा दिनांक 20.08.2016 तक 06 वर्ष 05 माह 07 दिन की अपरिहार सजा तथा 08 वर्ष 00 माह 12 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है। बन्दी के 04 अन्य सहअभियुक्त कारागार में सजा भुगत रहे हैं तथा 02 सहअभियुक्तों की मृत्यु हो गयी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तथा जिला मजिस्ट्रेट द्वारा बन्दी की समयपूर्व मुक्ति की संस्तुति नहीं की गयी है। दयायाचिका समिति द्वारा बन्दी की कारित अपराध की प्रकृति, काटी गयी सजा, जिला मजिस्ट्रेट तथा पुलिस अधीक्षक की आख्या के दृष्टिगत सम्यक् विचारोपरान्त समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है।

3- अत: उपरोक्त वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि बन्दी गजराज सिंह (बन्दी संख्या-95/2015) पुत्र श्री हेतराम सिंह, निवासी जनपद-एटा की संविधान के अनुच्छेद-161 के अन्तर्गत दया याचिका के आधार पर समयपूर्व रिहाई सम्यक् विचारोपरान्त शासन द्वारा **अस्वीकार** कर दी गयी है। कृपया उपरोक्त से बन्दी को भी अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर
संयुक्त सचिव।

संख्या-414/2018/74(1)/22-2-2018 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- जिला मजिस्ट्रेट, एटा।
2- अधीक्षक, जिला कारागार, एटा।
3- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार विभाग को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
4- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in